आ जाओ दुर्गे मैया मेरे मकान में

आ जाओ दुर्गे मैया मेरे मकान में,
तेरी जगमग ज्योति जागी सारे जहान में.....

मैया तुम्हारे वास्ते मैं चुनरी ले आई,
चुनरी ले आई मैं चुनरी ले आई,
मैं प्रेम से ओढाऊ मैया मेरे मकान में,
तेरी जगमग ज्योति जागी सारे जहान में,
आ जाओ दुर्गे मैया मेरे मकान में.....

मैया तुम्हारे वास्ते मैं चूडा ले आई,
चूडा ले आई मैया चूडा ले आई,
मैं प्रेम से पहनाऊँ मैया मेरे मकान में,
तेरी जगमग ज्योति जागी सारे जहान में,
आ जाओ दुर्गे मैया मेरे मकान में.....

मैया तुम्हारे वास्ते प्रसाद बनाया है,
प्रसाद बनाया है प्रसाद बनाया है,
आके भोग लगाओ मैया मेरे मकान में,
तेरी जगमग ज्योति जागी सारे जहान में,
आ जाओ दुर्गे मैया मेरे मकान में.....

मैया तुम्हारे वास्ते कीर्तन कराया है,
कीर्तन कराया है माँ कीर्तन कराया है,
तुम आकर दर्श दिखाओ मैया मेरे मकान में,
तेरी जगमग ज्योति जागी सारे जहान में,
आ जाओ दुर्गे मैया मेरे मकान में.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30501/title/aa-jao-durge-mayia-mere-makan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |